न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

वर्ष–3 अंक–04

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

जनवरी से मार्च 2026

## कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

### सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र
**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
राज कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

## Events at College

**कालीचरण पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में 'वार्षिकोत्सव –2026' का आयोजन किया गया।**




25.02.2026 को कालीचरण पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में 'वार्षिकोत्सव –2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उ0 प्र0 विधान सभा के मा0 अध्यक्ष श्री सतीश महाना जी ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। अपने उद्बोधन में महाना जी ने कहा कि शिक्षा की आवश्यकता सभी जगह होती है। टेक्नालॉजी के कारण जो नया युग आ रहा है, हमें उसके साथ समन्वय स्थापित करना होगा। पहले पीढ़ीयाँ जहाँ 20 से 25 वर्ष में बदलती थीं, अब नई पीढ़ी 25 वर्ष का समय नहीं लेती । नई पीढ़ी का ध्यान राष्ट्र की ओर आकृष्ट करते हुए उन्होंने कहा – हमें अपने संस्कार और संस्कृति को जीवित रखना होगा, वही हमारी पहचान हैं। उन्होंने युवाओं को सावधान करते हुए कहा कि जीवन के कीबोर्ड में डिलीट करने का कोई ऑपशन नहीं होता, हमारे द्वारा की गई एक भी गलती जीवन भर चिपकी रहती है। विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है। सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करना, चाहिए, लेकिन किसी को हराने का काम नहीं करना, वरना पीछे छूट जाओगे। इस अवसर पर महाना जी ने श्रद्धेय लालजी टण्डन 'बाबू जी' को स्मरण करते हुए कहा कि वो हमारे मार्गदर्शक थे। मै उनकी छाया में राज्यमंत्री रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, मा0 सदस्य, विधान परिषद श्री गोविन्द नारायण शुक्ला जी ने अपने सम्बोधन में युवा पीढ़ी को व्यवहार, संस्कार और रोजगारोन्मुख शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 जे.पी. सैनी जी ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को व्यवहार में बदलाव




लाकर व्यक्तित्व को निखारने पर बल दिया। उन्होंने कहा समय महत्वपूर्ण है जिसका सद्‌पयोग करें और मोबाइल आदि से अपने समय को बचाकर खेलकूद, योग आदि क्षेत्रों में आगे बढ़ें। महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के प्रमुख सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता श्री अमित टण्डन जी ने महाविद्यालय के विकास में बाबू जी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय को उच्च शिक्षण संस्थानों में अग्रणी बनाना उनका सपना था। जिसकी ओर महाविद्यालय अग्रसर है।

महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र जी ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आदरणीय बाबू जी 30 वर्ष से अधिक समय तक प्रबन्ध समिति के सदस्य रहे और इस संस्था को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसे श्री गोपाल टण्डन ने आगे बढ़ाया। हमारा प्रयास भी इस संस्था को उन्नति के शिखर पर ले जाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सतीश महाना जी के व्यक्तित्व और कार्यशैली की चर्चा करते हुए आपने कहा कि विधान सभा में जिस प्रकार पक्ष–विपक्ष आपकी ओर देखते हैं उसी तरह हम भी आपसे मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का मार्गदर्शन महाविद्यालय के सतत विकास के लिए संजीवनी का कार्य करेगा।



इस अवसर पर महाविद्यालय की पत्रिका 'वाणी' का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दे रहे महाविद्यालय के पूर्व छात्रों– डॉ0 सौरभ मौर्य, श्री भारत भारती, डॉ0 अखिलेश सिंह, श्री गिरिधर गोपाल गुप्ता, श्री सोमेश कुमार और श्री रूप कुमार शर्मा का सम्मान भी मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में मौली

दीक्षित को बैंक–पी0 ओ0 में चयन होने के लिए, महिमा गुप्ता को राजस्व परिषद में चयनित होने के लिए और प्रशांत गुप्ता को यू0जी0सी0 नेट हिन्दी की परीक्ष उत्तीर्ण करने के लिए मेडल देकर महाविद्यालय ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सफल प्रस्तुति महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा की गयी, जिसका नेतृत्व सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी जी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**<u>कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में सेवायोजन निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में वृहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया।</u>**




दिनांक 18.02.2026 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में सेवायोजन निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वृहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कॉलेज के राजश्री पुरूषोत्तदास टंडन सभागार में लगे इस मेले में 16 प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि कैंपस प्लेसमेंट के लिए मौजूद रहे।

मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र और सेवायोजन विभाग के सहायक निदेशक सूर्यकांत कुमार ने किया। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि रोजगार मेंले में 298 वर्तमान और पूर्व छात्र–छात्राओं ने अपना राजिस्ट्रेशन कराया। साक्षात्कार के बाद इनमें 151 छात्र–छात्राओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। यह चयन मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सेल्स एक्जीक्यूटिव सहित विभिन्न पदां पर किया गया। इन सभी को न्यूनतम 25 हजार रूपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी, हिमांशु सिंह, हिमांशु वर्मा, रश्मि यादव उपस्थित रहे।

**<u>महाविद्यालय परिसर में स्थित प्राचीन सरस्वती मन्दिर में पूजा'अर्चना की गयी।</u>**

दिनांक 23.01.2026 को विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय परिसर में स्थित प्राचीन सरस्वती मन्दिर में पूजा'अर्चना की गयी। महाविद्यालय प्रांगण में स्थित माता सरस्वती की प्रतिमा को सांस्कृतिक समिति के सदस्यों और विद्यार्थियों ने सुसज्जित कर माल्यार्पण किया। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय सहित महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने माताजी के श्रृंगार के साथ प्रसाद वितरण में बढ़–चढ़ कर सहभागिता की।



**<u>कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में गणतन्त्र दिवस समारोह को भव्य आयोजन किया गया।</u>**

दिनांक 26 जनवरी, 2026 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में गणतन्त्र दिवस समारोह को भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ0 मीना कुमारी जी ने उच्च शिक्षामंत्री के सन्देश को पढ़ा। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में

विद्यार्थियों से अपील की कि पुस्तकों को पढ़ने की आदत डालें। महाविद्यालय के विद्यार्थियें ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहन प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की छात्राओं ने देशभक्तिपूर्ण अनेक गीत गाकर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया।

**कालीचरण इंटर कॉलेज एवं कालीचरण पी. जी. कॉलेज लखनऊ के प्रबंध समिति की बैठक**




दिनांक 5–2–2026 को डा0 ए. पी .जे. अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट लखनऊ में जिलाधिकारी लखनऊ श्री विशाख जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में श्री नवनीत सहगल जी पूर्व अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 ने वर्चुअली भाग लिया। श्री एम.पी. सिंह, ADM City, प्रो0 एम. पी. सिंह जी पूर्व प्रो. वाइस चान्सलर, लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री निर्मल सेठ जी वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय, श्री अमित टंडन जी समाज सेवी, श्री चंद्र प्रकाश गर्ग जी उद्योगपति, लखनऊ विश्वविद्यालय से पर्यवेक्षक प्रो0 कमल कुमार जी, जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ द्वारा नामित पर्यवेक्षक श्रीमती मनीषा द्विवेदी जी एसोसिएट जिला विद्यालय निरीक्षक, कालीचरण पीजी कालेज के प्रिसिंपल प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, कालीचरण इंटर कॉलेज के प्रिसिंपल श्री अनिल कुमार मिश्र, प्रोफेसर मनोज कुमार पांडेय, एसो०प्रो० श्रीमती अल्का द्विवेदी, प्रवक्ता डॉ0 सुशील त्रिपाठी, श्री गिरिजेश एवं श्री सुरेश वर्मा ने भी इस बैठक में प्रतिभाग किया। सर्वसम्मति से इं0वी0 के मिश्र को चौथी बार कालीचरण इंटर कॉलेज व कालीचरण पी. जी. कॉलेज एवं कालीचरण विद्यालय इंडाऊमेंट ट्रस्ट का प्रबंधक निर्वाचित किया गया।

**<u>महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र ने महाविद्यालय को NAAC में दोबारा प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु निर्देशित किया।</u>**

दिनांक 16.02.2026 को महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र की अध्यक्षता में सभी प्राध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक हुई, जिसमें प्रमुख रूप से महाविद्यालय को NAAC से दुबारा प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने साथ में NIRF तथा अन्य रैंकिंग संस्थाओं के मानकों के अनुरूप महाविद्यालय को बेहतर ढंग तैयार रहने का निर्देश दिया तथा यह स्पष्ट किया कि जैसे ही नैक के नये दिशा निर्देश सामने आते हैं महाविद्यालय सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अपना प्रत्यायन करायेगा।

दूसरे प्रमुख बिंदु के तौर पर उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर स्पष्ट किया, जो विद्यार्थी यूजीसी के मानकों के अनुरूप 75ः से कम आते हैं, उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। महाविद्यालय अपना वार्षिकोत्सव आगामी दिनांक 25 फरवरी को आयोजित करने जा रहा हैं। जिसके मुख्य अतिथि श्री सतीश महाना जी, अध्यक्ष–विधान सभा उत्तर प्रदेश होंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री गोविन्द नारायण शुक्ला जी सदस्य विधान परिषद तथा सभापति विशेषाधिकार समिति होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 जेपी सैनी कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय करेंगे। प्रबंधक महोदय ने इस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने हेतु प्राध्यापकों को विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। इस बैठक में सभी विभागों के प्रभारी, IQAC संयोजिका, सांस्कृतिक समिति के सदस्य, मुख्य नियंता सहित पचास प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया।




**<u>महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का अयोजन किया गया।</u>**



दिनांक 23.02.2026 को पूर्वाह्न 10 बज से महाविद्यालय कालीचरण पी0जी0 कालेज के श्यामसुन्दरदास सभागार में पूर्व छात्र सम्मेलन का अयोजन महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र के सरंक्षण में किया गया, जिसका शुभारम्भ महविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय द्वारा किया गया, जिसमें विगत वर्ष के कई छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा अपने–अपने अनुभव व छात्र जीवन से जुड़ा खट्टी–मीठी यादो को साझा करते हुए यह

सुनिश्चित किया कि वे प्रतिवर्ष मेधावी छात्र को ग्यारह हजार रूपये से पुरस्कृत करेंगे व सम्बन्धित प्राध्यापक को भीस म्मानित करेंगे। उक्त सम्मेलन में पूर्व छात्र समिति के सभी सदस्य तथा महाविद्यालय के अन्य सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें।

**महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।**



दिनांक 28.02.2026 को महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी.के. मिश्र के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए गये। उनकी प्रस्तुति के आधार पर 30 विद्यार्थियों – मातंगी, पलक, निशा, दुर्गेश, प्रियांशु, अनुष्का, रेखा, सारवी, सृष्टि, तृप्ति, आनन्द, अभिषेक, रूचि, मयंक, वैष्णवी, शिवांकी, प्रमिला आदि को मेडल तथा सर्टिफिकेट दिए गये। महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी.के. मिश्र जी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी के विकास और शोध के क्षेत्र में अपना योगदान देने का आह्वान किया। साथ में उन्होंने प्राध्यापकों से कक्षाओं में विद्यार्थियां की संख्या भी बढ़ाने के लिए भी आह्वान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रबन्धक महोदय ने मेडल तथा प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने प्रमाण पत्र वितरित किया। उक्त कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ कर भाग लिया।

**स्वच्छता, जागरूकता और सेवा भावना से प्रेरित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सफलता पूर्वक संपन्न**





कालीचरण पी. जी. कॉलेज, लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा मोहान रोड स्थित ग्राम तेज किशन खेड़ा एवं इब्राहिमगंज में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह शिविर 23 से 29 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सेवा एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, श्रमदान, रैली, जनसंपर्क एवं ग्राम सर्वेक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता, डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (।ए) आधारित शिक्षा, महिला

सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड, मिशन शक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित व्याख्यानों एवं संगोष्ठियों में भाग लेकर अपने ज्ञान और व्यक्तित्व का विकास किया।



शिविर के आखिरी दिन समापन दिवस की शुरुआत भी प्रत्येक दिन की तरह व्यायाम और प्रार्थना से हुई ल। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव के पंचायत भवन परिसर की विधिवत साफ–सफाई की तथा समूहों में विभाजित होकर गांव में सर्वेक्षण करते हुए ग्रामीणों को भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।



भोजन के बाद समापन समारोह आयोजित किया जिसमें ग्राम प्रधान सहित कुछ स्थानीय ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसी समापन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अलका द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों, ग्रामवासियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा महाविद्यालय के प्रबंधक श्री ई. वी. के. मिश्रा एवं प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय के मार्गदर्शन हेतु विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर का सफल आयोजन सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अलका द्विवेदी, डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ. राजकुमार सिंह एवं डॉ. शिव कुमार के कुशल नेतृत्व एवं समन्वय से यह कार्यक्रम प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। यह सात दिवसीय शिविर स्वयंसेवकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव सिद्ध हुआ, जिसने उनमें सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व कौशल को और अधिक सुदृढ़ किया।





**<u>कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा 20 मार्च से 'विश्व गौरेया दिवस' सप्ताह का आयोजन किया गया।</u>**

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा 20 मार्च से 'विश्व गौरेया दिवस' सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 20 मार्च को विद्यार्थियों के समूहों के बीच गौरेया संरक्षण का आयोजन हुआ। दिनांक 23.03.2026 को इसी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई तथा 24 मार्च को गौरेया संरक्षण पर "माडल" का प्रदर्शन हुआ। आज ही के दिन विद्यार्थियों द्वारा विगत दिनों आयोजित ग्रुप डिस्कशन तथा पोस्टर प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा की गई। भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने माडल प्रतियोगिता में हिमांशु, दुर्गेश एवं कृष्णकान्त बी0एस0सी0 द्वितीय सेमेस्टर के माडल को प्रथम पुरस्कार तथा दीपाली एवं दीपिका के माडल को द्वितीय पुरस्कार दिया। इसी प्रकार अनामिका तथा रूकैया बी0एस0सी0 द्वितीय सेमेस्टर के पोस्टर्स को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान दिया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों द्वारा गौरेया संरक्षण जागरूकता के क्षेत्र में दिखाये गये रूचि एवं समपर्ण की भूरि–भूरि प्रशंसा की तथा इन सभी को आर्थिक रूप से पुरस्कृत भी किया। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन्तु विज्ञान की प्रभारी डॉ0 इरा रस्तोगी द्वारा किया गया। विज्ञान विभाग के छात्र–छात्राओं ने मॉडल पोस्टर, कविता एवं भाषण के द्वारा जीव विविधता में गौरेया के महत्व एवं उनके संरक्षण के लिए आवश्यक जागरूकता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का समापन डॉ0 सीता यादव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसी क्रम में दिनांक 25 मार्च को क्विज़ कम्पटीशन का आयोजन किया जायेगा।

**कालीचरण पीजी कॉलेज में बास्केटबॉल एकेडमी समारोह का शुभारंभ हुआ।**

कालीचरण पीजी कॉलेज में बास्केटबॉल एकेडमी समारोह का शुभारंभ हुआ। खेल जगत में युवाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से आज बास्केटबॉल एकेडमी का उद्घाटन उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस नवनिर्मित एकेडमी का लक्ष्य क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करना है। मुख्य अतिथि के रूप में कालीचरण के प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्राचार्य ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बास्केटबॉल जैसे खेल न केवल शारीरिक स्फूर्ति बढ़ाते हैं। अकादमी के संयोजक विक्रांत ने बताया कि आधुनिक कोर्ट और अनुभवी कोचों की देखरेख में खिलाड़ियों के कौशल को निखारा जाएगा।



**कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में 'एकल उपयोग प्लास्टिक एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयेजन किया गया**

दिनांक 30.03.2026 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में 'एकल उपयोग प्लास्टिक एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयेजन 'केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ (CIPET) एवं कालीचरण पी0जी0 कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक इं0वी0के0 मिश्र जी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्लास्टिक के खतरो से सभी को अवगत कराते हुए आपने कहा कि 'धीरे–धीरे प्लास्टिक प्रदूषण का प्रमुख घटक बनता जा रहा है। आज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्रमोहन उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करे तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के निस्तारण की गाइड लाइन का पालन करके अपने पर्यावरण की बचा सकते हैं। CIPET संस्था से आए हुए डॉ0 सितेश आनन्द ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरो की जानकारी सभी से साझा की और इसके निस्तारण के विभिन्न पक्षों पर विस्तार से चर्चा की। CIPET संस्था से सहभागिता कर रहीं डॉ0 दिव्या पाण्डेय जी ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम को तैयार करने में डॉ0 अनुराग पाण्डेय ने महती भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम की संयोजिका, प्रो0 मीना कुमारी जी ने समस्त विद्यार्थियों को कपड़े के थैले प्रयोग करने की शपथ दिलवाई साथ ही कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## Kalicharan In News Paper



**कालीचरण इंटर कॉलेज एवं कालीचरण पी. जी. कॉलेज लखनऊ के प्रबंध समिति की हुई बैठक**

फर्स्ट एडिटर। लखनऊ।

कालीचरण इंटर कॉलेज एवं कालीचरण पी. जी. कॉलेज लखनऊ के प्रबंध समिति की बैठक 5-2-2026 को डा0 ए. पी. जे. अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट लखनऊ में जिलाधिकारी लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में नवनीत सहगल पूर्व अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 ने वर्चुअली भाग लिया। एम.पी. सिंह, एडीएम सिटी, प्रो0 एम. पी. सिंह पूर्व प्रो. वाइस चान्सलर, लखनऊ विश्वविद्यालय, निर्मल सेठ वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय, अमित टंडन समाज सेवी, चंद्र प्रकाश गर्ग उद्योगपति, लखनऊ विश्वविद्यालय से पर्यवेक्षक प्रो0 कमल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ द्वारा नामित पर्यवेक्षक मनीषा द्विवेदी एसोसिएट जिला विद्यालय निरीक्षक, कालीचरण पीजी कालेज के प्रिसिंपल प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, कालीचरण इंटर कॉलेज के प्रिसिंपल अनिल कुमार मिश्र, प्रोफेसर मनोज कुमार पांडेय, एसो0प्रो0 अल्का द्विवेदी, प्रवक्ता डॉ0 सुशील त्रिपाठी, गिरिजेश एवं सुरेश वर्मा ने भी इस बैठक में प्रतिभाग किया। सर्वसम्मति से इं0वी0 के मिश्र को चैथी बार कालीचरण इंटर कॉलेज व कालीचरण पी. जी. कॉलेज एवं कालीचरण विद्यालय इंडाऊमेंट ट्रस्ट का प्रबंधक निर्वाचित किया गया।



जागरण सिटी लखनऊ

दैनिक जागरण लखनऊ, 17 फरवरी, 2026

**कालीचरण पीजी कालेज कराएगा नैक मूल्यांकन**

लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज भी राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद (नैक) और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में प्रतिभाग करेगा। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार को कालेज के प्रबंधक इं. वीके मिश्र की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक हुई, जिसमें प्रमुख रूप से कालेज को नैक मूल्यांकन कराने के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही एनआइआरएफ और अन्य रैंकिंग संस्थाओं के मानकों के अनुरूप भी कालेज को बेहतर ढंग तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैसे ही नैक के नये दिशा निर्देश आते हैं, कालेज सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अपना प्रत्यायन कराएगा। प्रबंधक ने विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर स्पष्ट किया कि जो छात्र-छात्राएं यूजीसी के मानकों के अनुरूप 75 प्रतिशत से कम आते हैं, उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

बैठक में तय हुआ कि कालेज अपना वार्षिकोत्सव 25 फरवरी को आयोजित करेगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना होंगे। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं सभापति विशेषाधिकार समिति गोविन्द नारायण शुक्ला होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी करेंगे।



हिन्दुस्तान

लखनऊ, मंगलवार, 17 फरवरी 2026 08

**एनआईआरएफ, नैक की तैयारियां शुरू**

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज ने राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद (नैक) और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। कॉलेज प्रबंधक इं. वी.के. मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में मानकों के अनुरूप सुधार के निर्देश दिए गए।

प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि यूजीसी मानकों के तहत 75% से कम उपस्थिति वाले छात्रों को परीक्षा से वंचित किया जाएगा। वहीं, कॉलेज का वार्षिकोत्सव 25 फरवरी को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना होंगे।

